भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1136
22 जुलाई, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुर्विज्ञान परिषद में पंजीकरण

1136. श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ऐसे योग्य चिकित्सकों के प्रैक्टिस को बंद करने का विचार है जिन्होने आयुर्विज्ञान परिषद में समुचित रूप से पंजीकरण कराया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को आयुर्वेद, होमियोपैथी आदि में विधिवत रूप से योग्यता प्राप्त और संबंधित चिकित्सा परिषद से पंजीकरण प्राप्त करने वाले डॉक्टरों के प्रैक्टिस को रोकने के लिए नियम पारित करने का अधिकार दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या यह सरकार के संज्ञान में है कि चिकित्सा आयोग ने आयुष से परामर्श किए बिना आयुर्वेद, होमियोपैथी आदि में विधिवत रूप से योग्य डॉक्टरों के प्रैक्टिस पर रोक लगाने के लिए मसौदा विनियमन जारी किया है;
(घ) यदि हां, तो मसौदा अधिसूचना पर आगे की प्रक्रिया को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की गई है;
(ड.) क्या सरकार का आयुष को नियंत्रित और विनियमित करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को अधिकार देने का विचार है; और
(च) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) जैसा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा सूचित किया गया है, आधुनिक चिकित्सा के पंजीकृत चिकित्सकों (आरएमपी) के चिकित्सीय अभ्यास को रोकने का कोई प्रस्ताव नहीं है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के नैतिकता और चिकित्सा पंजीकरण बोर्ड (ईएमआरबी) को आधुनिक चिकित्सा में सभी लाइसेंस प्राप्त चिकित्सकों के राष्ट्रीय रजिस्टर को बनाए रखना अनिवार्य है। एनएमसी अधिनियम, 2019 प्रत्येक राज्य चिकित्सा परिषद को निर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में राज्य रजिस्टर को बनाए रखने और नियमित रूप से अद्यतन करने की अनुमति देता है।

(ख) से (च): आयुर्वेद, होम्यो आदि में योग्य डॉक्टरों के अभ्यास को विनियमित करने के लिए एनएमसी अधिनियम 2019 के तहत कोई प्रावधान नहीं है।

******